# अपठित गद्यांश

सभी बच्चे मेले से खिलौने ले रहे हैं । महमूद सिपाही लेता है , मोहसिन को भिश्ती पसंद आया । नूरे को वकील से प्रेम है । ये सब दो – दो पैसे के खिलौने हैं । हामिद के पास कुल तीन पैसे हैं । वह मिट्टी के कमज़ोर खिलौनों को पसंद नहीं करता क्योंकि वे महंगे भी हैं। इसीलिए वह लोहे की दुकान पर जाता है । वहाँ उसे ख्याल आता है ,दादी के पास चिमटा नहीं है । चिमटे के बिना रोटी सेंकते समय उनका हाथ जलता है । यह सोचकर उसने तीन पैसे में एक चिमटा खरीद लिया ।

## गद्यांश पढ़कर सही विकल्प चुनो :

प्रश्न 1 बच्चे खिलौने कहाँ से ले रहे थे ?

(1) बाज़ार (2) पार्क (3) मॉल (4) मेले

प्रश्न 2 महमूद ने कौन – सा खिलौना खरीदा ?

(1) सिपाही (2) बंदर (3) सॉप (4) डॉक्टर

प्रश्न 3 हामिद के पास कितने पैसे थे ?

(1) दो पैसे (2) तीन पैसे (3) चार पैसे (4) एक पैसा

प्रश्न 4 दादी के लिए उसने क्या खरीदा ?

(1) तवा (2) चूड़ियॉ (3) अंगूठी (4) चिमटा

प्रश्न 5 चिमटे को हामिद ने कितने में खरीदा ?

(1) चार पैसे (2) पॉच पैसे (3) तीन पैसे (4) दो पैसे